खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वारे

खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वारे आये दर्शन को हम है तुम्हारे,
आज मन में यही हमने ठाना बिना दर्शन न होगा जाना,
देदो नैनो को माँ तुम नजारे,आये दर्शन को हम है तुम्हारे,
खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वारे आये दर्शन को हम है तुम्हारे,

आजा कर के तू सिंह सवारी पूरी करदे माँ आशा हमारी,
तूने लाखो के कारज सवार ,आये दर्शन को हम है तुम्हारे,
खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वारे आये दर्शन को हम है तुम्हारे,

मन की कलियों से गुथी है माला तुम को पहनाएंगे माँ ये माला,
आज देदो दिलो को सहारे ,आये दर्शन को हम है तुम्हारे,
खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वारे आये दर्शन को हम है तुम्हारे,

आज हाथो में दीपक की थाली हम तो पूजा करे माँ तुम्हारी,
सारे भक्त है दाती तुम्हारे ,आये दर्शन को हम है तुम्हारे,
खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वारे आये दर्शन को हम है तुम्हारे,

तुम तो काली को कल्याणी माइयाँ,
तुम ही दुर्गा और ज्वाला मियां नो रूप है अध्भुत तुम्हारे,
आये दर्शन को हम है तुम्हारे,
खोलो खोलो माँ मंदिर के द्वारे आये दर्शन को हम है तुम्हारे,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13501/title/kholo-kholo-maa-mandir-ke-dwaare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |